हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, गुरुवार, 11 जनवरी 2024
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान
अधिकतम 14.2 डिग्री
न्यूनतम 9.2 डिग्री

4
सार्वजनिक मार्ग व तालाब पर कब्जा कर कॉलोनी निर्माण का विरोध



स्वामी विवेकानंद विश्वविद्यालय सागर (म.प्र.)
प्रवेश प्राप्त करने का अंतिम अवसर
B.Ed D.Ed
नोट: शासकीय तथा अशासकीय टीचर जो जॉब में रहकर Part Time (Distance) B.Ed करने का सुनहरा अवसर
सम्पर्क : ज्ञानदीप एकेडमी अम्बिकापुर
पुराना बस स्टैण्ड के पास
मोबा.- 8839281593, 9174881569

## एक लाख लक्ष्य के विपरीत मात्र 49 हजार क्विंटल की खरीदी
# निर्धारित अवधि में धान खरीदी का लक्ष्य पाना मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले में मानसून के करीब एक महीना देर से आने के कारण धान की फसल भी लगभग एक महीना देर से तैयार हुआ। फिर छत्तीसगढ़ विधान सभा का चुनाव जिसमे लगभग सभी राजनैतिक पार्टियों ने अलग-अलग दावे धान खरीदी को लेकर किए थे। धान तैयार होने के बाद किसानों ने सरकार बनने का इंतजार किया। सब मिलाकर धान खरीदी दिसंबर से शुरू हुई। जशपुर गम्हारिया स्थित धान खरीदी केंद्र में 4 दिसंबर 2023 से खरीदी शुरू हुई है। रकबा के हिसाब से जशपुर में दो लाख सोलह हजार क्विंटल धान की खरीदी होनी है। दूसरी ओर सभी किसान धान नहीं बेचते और न ही किसान सारा धान ही बेचते हैं। इस लिहाज से लगभग एक लाख क्विंटल धान की खरीदी होना है ऐसा माना जा रहा है। अभी तक 48960.80 क्विंटल धान की ही खरीदी हो पाई है। मतलब रकबा का एक चौथाई और अनुमान का पचास प्रतिशत ही धान खरीदी हुई है।


धान खरीदी केंद्र गम्हरिया।

### सात गुना कम किसानों ने बेचा धान

जशपुर के गम्हारिया स्थित धान खरीदी केंद्र में इस वर्ष 2702 किसानों ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया था। लेकिन मात्रा 490 किसानों ने ही अभी तक अपना धान सरकार को बेचा है। जो की रजिस्ट्रेशन किए हुए किसानों का एक बटा सातवां हिस्सा है। इतने कम किसानों का धान बेचना इस बात की ओर ध्यान आकर्षित करता है की या तो रजिस्ट्रेशन गलत किया गया है या तो किसानों की फसल नहीं हो पाई है। दोनो ही स्थिति जांच का विषय है।

### अभी तक का अधिकतम मूल्य और रकबा

छत्तीसगढ़ में धान खरीदी के इतिहास में अधिकतम धान खरीदी मूल्य अभी वर्तमान का है सरकार 3100 रुपए प्रति क्विंटल के दर से किसानों का धान खरीद रही है। प्रति एकड़ 21 क्विंटल खरीदी का रकबा है जो अब तक का सर्वाधिक है।

# डेढ़ लाख रुपए चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

प्रार्थी भास्कर श्रीराव निवासी चरईडांड़ ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि ट्रक क्रमांक सीजी 14 एमक्यू 4180 में ड्रायवरी का कार्य करता है तथा बलभद्र दास को खलासी कार्य के लिये रखा है। वह 09 जनवरी को रांची से चाल भाड़ा का पैसा डेढ़ लाख रूपए लेकर एवं ट्रक में आलू लोडकर कुनकुरी लाने के बाद आलू गोदाम में वाहन को खड़ी कर आलू को अनलोड करा रहा था।

कुछ देर के लिए अपने घर गया एवं वापस आकर देखा कि ट्रक के केबिन में रखा भाड़ा का पैसा थैला सहित गायब है। साथ ही ट्रक का खलासी भी गायब है। प्रार्थी अपने स्तर पर काफी पता-साजी किया। पता नहीं चलने पर थाना कुनकुरी में रिपोर्ट दर्ज कराई। दर्ज रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने धारा सदर का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। उमनि एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डी रविशंकर (भापुसे) के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में कुनकुरी पुलिस द्वारा तत्काल टीम बनाकर पतासाजी की जा रही थी। इसी दौरान सूचना मिली कि बलभद्र दास


पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

रायगढ़ तरफ भाग रहा है। सायबर सेल एवं मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर आरोपी को रास्ते से ही गिरफ्तार किया गया। पूछताछ करने पर आरोपी ने बताया कि वह उक्त पैसा को ट्रक से चोरी किया तथा चोरी के रूपए से एक मोबाईल खरीदा है, साथ ही गोवा घुमने जाने का प्लान बनाया था। आरोपी के कब्जे से नगदी रकम 01 लाख 30 हजार रूपए एवं मोबाईल जप्त किया गया है। आरोपी का कृत्य धारा सदर का पाये जाने पर उसे गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। प्रकरण की विवेचना एवं आरोपी को गिरफ्तार करने में उप पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर परमा, उप निरीक्षक सुनील सिंह, मोहन बंजारे, गोविन्द यादव, जितेन्द्र गुप्ता, पूनमलाल, सैनिक अजय श्रीवास्तव का सराहनीय योगदान रहा।

## खबर संक्षेप

### मकर संक्रांति पर होगा पतंग उत्सव

**अम्बिकापुर**। मकर संक्रांति पर 14 जनवरी को शहर में वृहद पतंग उत्सव की तैयारी जोरों पर चल रही है। सरगुजा सेवा समिति द्वारा शहर में पतंग उत्सव का आयोजन बड़ी धूमधाम से किया जाता है। जिसमे शहर के सभी वर्ग के उत्साही भाग लेते है। समिति द्वारा इस वर्ष भी पतंग उत्सव का आयोजन किया जा रहा है जिससे लोगों में हर्ष व्याप्त है। यह उत्सव स्थानीय गांधी स्टेडियम में 14 जनवरी की सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक संपन्न होगा। आयोजन एक प्रतियोगिता के रूप में होगा है जिसमे पतंग के आकर्षण व पतंग के काटने पर विजेता का चयन किया जाएगा। समिति द्वारा विजेता के साथ-साथ अन्य प्रतिभागियों को भी पुरस्कृत किया जाएगा।

### वाहन की टक्कर से गई बाइक सवार की जान

**अम्बिकापुर**। वाहन की टक्कर से गंभीर हुए युवक की अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार जयनगर थाना अंतर्गत ग्राम सिलफिली निवासी ब्रज उर्फ ब्रिजलाल आ. रामबरन (40 वर्ष) गत दिन ग्राम नवगई दशक्रम में शामिल होकर अकेले घर वापस लौट रहा था। इसी बीच रास्ते में विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन घायल को मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

### अवैध वसूली करने का आरोप, सौंपा ज्ञापन

**अम्बिकापुर**। किराना मर्चेंट एसोसिएशन ने मंडी के कर्मचारियों पर व्यवसायिक वाहनों को चेकिंग के नाम पर तंग करने और अवैध वसूली करने का आरोप लगाया है तथा कैट एवं चेंबर ऑफ कामर्स के पदाधिकारियों के साथ कृषि मंत्री ने तत्काल उच्चाधिकारी को फोन कर किसी भी व्यापारी को जबरन परेशान नहीं करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारी से यह भी कहा कि भविष्य में इस तरह की शिकायत मेरे पास नहीं आनी चाहिए मंत्री जी ने प्रतिनिधि मंडल से कहा कि कोई परेशान करता है तो उचित माध्यम से मुझे इसकी जानकारी दें। अब ऐसी शिकायत नहीं मिलेगी तथा अवैध धान परिवहन, खरीद-फरोख पर कार्रवाई होगी। इस दौरान किराना मर्चेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष गोपाल अग्रवाल, सचिव अश्विनीलाल गर्ग, छत्तीसगढ़ चैम्बर के जिला अध्यक्ष अजीत कुमार अग्रवाल, कैट से रविन्द्र तिवारी और मुकेश अग्रवाल उपस्थित थे।

### शिक्षकों को दिया गया अंगना में शिक्षा का प्रशिक्षण

**उदयपुर**। अंगना में शिक्षा का ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल के सभा कक्ष में आयोजित किया गया जिसमें विकासखण्ड के सभी 31 संकुलों के 62 शिक्षक शामिल हुए। कार्यक्रम में बीआरसी ने अंगना में शिक्षा के महत्व के बारे में बताया। मास्टर ट्रेनर श्रीमती सविता सिंह और शशि शर्मा ने शिक्षको से गतिविधियां कराई तथा बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा, अंको और शब्दो की समझ विकसित करने का तरीका बताया।

# पढ़ाई छोड़ चुकी युवतियों को सिलाई कढ़ाई का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांसाबेल

■ आत्मनिर्भर बनने पर युवतियों ने जताया आभार

जीवन झरना विकास संस्था में ग्रामीण इलाके में पढ़ाई छोड़ कर घर में रह रहे युवतियों जो अपने दैनिक जरूरतों को पूरा करने के लिए गांव मे मेहनत मजदूरी करते थे उन्हें संस्था द्वारा निः शुल्क प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण मे 13 प्रतिभागी शामिल थे। 3 माह की सिलाई प्रशिक्षण के साथ उन्हें अचार, पापड़, महुआ लड्डू केक, सजावट किटे बनाने एवं बाल विवाह, मानव तस्करी, और लैंगिग शोषण से सुरक्षा क़ानून की जानकारी दी गई। आस-पास में होने वाली घटनाओं से अवगत कराते हुए प्रशिक्षार्थियों को सुरक्षित रहने के उपाय बताए गए। साथ ही शासकीय योजनाओं का लाभ लेने की जानकारी देते हुए सभी प्रशिक्षितों को जीवन झरना विकास संथा कांसाबेल की संचालिका के हाथों प्रणाम पत्र प्रदान कर सत्र का समापन किया गया। प्रशिक्षण प्राप्त युवतियों ने जीवन झरना विकास संस्था कांसाबेस्का आभार व्यक्त करते हुए कहा, 3 माह का प्रशिक्षण हमारे मन की दशा एवं आर्थिक दशा पूरी तरह बदल गया है, हमें यहां व्यक्तिगत जीवन से संबंधित आगे बढ़ने एवं सुरक्षित रहने के लिए जानकारी मिली है। यह जीवन भर के लिए हमारी सम्पति बन गई है। अब हम लगातार सिलाई कर अपने परिवार को आर्थिक मदद करेंगे। जीवन झरना विकास संस्था सभी प्रशिक्षित युक्तियों की उज्जवल भविष्य की कामना की है।


प्रमाण पत्र के साथ प्रशिक्षण प्राप्त युवतियां।

### साई स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हुई पोस्टर प्रदर्शनी

**अम्बिकापुर**। श्री साई बाबा आदर्श स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित पोस्टर प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने मेरे नजरिये से विकसित भारत 2047 विषय पर पोस्टर बनाये। युवा के लिए युवा द्वारा बनने वाले विकसित भारत की तस्वीर विद्यार्थियों ने उकेरा। पोस्टर पर जहां एक ओर शिक्षा को सम्बल बनाया तो दूसरी ओर स्वस्थ भारत की तस्वीर प्रस्तुत की गई। डिजीटल भारत को दिखाते हुए विज्ञान और तकनीकी विरासत की कल्पना की गयी तथा जल-जंगल-जमीन को बचाने का संदेश दिया गया। आधी आबादी से ही दुनिया का लक्ष्य पूरा होता है। विकसित भारत में विकसित नारी का होना आवश्यक है। प्राचार्य डॉ.राजेश श्रीवास्तव ने 2047 के विकसित भारत का नजरिया विद्यार्थियों के बीच साझा किया।

# बैंक से व्यापारी का 40 हजार पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

■ घंटे भर के भीतर आरोपी गिरफ्तार

प्रार्थी कपिल प्रसाद गुप्ता उम्र 64 साल 09 जनवरी के दोपहर में कुनकुरी स्थित एक बैंक में रूपए जमा करने गये थे। पैसे को अपने पैंट के जेब में जमा पर्ची सहित रखे थे,इस दौरान जेब में रखे नगदी रकम 40 हजार किसी अज्ञात चोर ने पार कर दिया था।

प्रार्थी ने तुरंत कुनकुरी थाने में घटना की सूचना दी। प्रार्थी की रिपोर्ट पर उमनि एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डी रविशंकर के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में कुनकुरी पुलिस द्वारा तत्काल बैंक एवं रोड के सीसीटीवी फूटेज को चेक कर संदेही की पतासाजी की गई एवं कुनकुरी से ग्राम बम्हनी थाना दुलदुला तक पुलिस द्वारा मोटर सायकल से भाग रहे संदेही दिनेश साहू का पीछा कर उसे अभिरक्षा में लेकर पूछताछ किया गया। पूछताछ में आरोपी दिनेश साहू ने प्रार्थी के जेब से चोरी करना स्वीकार किया एवं उसके कब्जे से 40 हजार रूपए एवं घटना में प्रयुक्त होंडा साईन मोटरसायकल को जप्त किया गया। आरोपी का कृत्य धारा सदर का अपराध पाए जाने से आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। प्रकरण की विवेचना एवं आरोपी को गिरफ्तार करने में उप निरीक्षक सुनील सिंह, मनोज साहू, अलिका पैंकरा, पूनमलाल, जितेन्द्र गुप्ता, चंद्रशेखर बंजारे का सराहनीय योगदान रहा।


पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

# वाद-विवाद स्पर्धा में शालू प्रथम


प्रतियोगिता में उपस्थित छात्राएं।

**जशपुरनगर**। शासकीय विजय भूषण सिंह देव कन्या महाविद्यालय में वाद-विवाद प्रतियोगिता सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित की जा रही है। इस क्रम में बुधवार को विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ अपनी उपस्तिथि दर्ज करायी। पक्ष और विपक्ष में छात्रों ने अपने अपने तर्क रखे। प्रतिभागियों में कु शालू गुप्ता प्रथम, नीतू जगत दूसरे, और जया श्रीवास तीसरे स्थान पर रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के समस्त सहायक प्राध्यापकों,अतिथि शिक्षकों जनभागीदारी शिक्षकों ने अपना सहयोग दिया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य ने सभी छात्राओं को शुभकामनाएं दी।

# स्कूल वैन को यात्री बस ने मारी टक्कर, चालक घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

■ वैन में नहीं थे बच्चे, हो सकती थी बड़ी घटना

मंगलवार को स्कूल वैन व यात्री बस में जोरदार भिंड़त हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि स्कूल वैन के परखच्चे उड़ गए। गनीमत रही कि स्कूल वैन में बच्चे सवार नहीं थे अन्यथा एक बड़ा हादसा हो सकता था। इस घटना में वैन चालक को चोट आई है। घटना के बाद घायल चालक को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं घटना के बाद दोनों पक्षों में समझौता होने की बात कही जा रही है और अब तक किसी भी पक्ष की ओर से थाने में शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। इस घटना ने एक बार फिर से स्कूली बच्चों की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़ा कर दिया है। बताया जा रहा है कि एक निजी स्कूल की वैन मंगलवार की सुबह बच्चों को लेने के लिए गांव की तरफ गई हुई थी। इस दौरान मैनपाट की तराई में बसे गांव चैनपुर में सुबह लगभग साढ़े नौ बजे विपरीत दिशा से आ रहे ताज बाबा बस क्रमांक सीजी 13 एके 4197 के चालक ने तेज व लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए वैन को टक्कर मार दी। दुर्घटना का मुख्य कारण तेज गति व चालक की लापरवाही है। दुर्घटना इतनी जोरदार थी कि स्कूल वैन के सामने का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत रही कि घटना के वक्त वैन में छात्र छात्राएं मौजूद नहीं थे अन्यथा एक बड़ा हादसा हो सकता था और इस लापरवाही का बड़ा खामियाजा चुकाना पड़ता। हालांकि घटना में वैन चालक घायल हो गया जिसे स्थानीय लोगों की मदद से बाहर निकालकर उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया और बाद में चालक को छुट्टी दे दी गई।








# ढाबा मालिक के पुत्रों ने की लाइनमैन के साथ मारपीट

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

■ विधायक से शिकायत, आरोपियों को बचाने का लगाया आरोप

कर्मचारी से मामूली विवाद पर ढाबा संचालक के पुत्रों ने विद्युत विभाग के लाइनमैन की जमकर पिटाई कर दी। मारपीट से घायल लाइनमैन ने घटना की शिकायत पुलिस से की है। वहीं शिकायत के बाद भी पुलिस द्वारा कार्रवाई नहीं करने से आक्रोशित लोगों ने पुलिस पर आरोपियों को बचाने का आरोप लगाया है। स्थानीय लोगों ने दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करने के साथ ही इसकी शिकायत विधायक से की है। विद्युत विभाग में पदस्थ लाइनमैन गुतुरमा सरईपारा निवासी मनोज कुमार कंवर का आरोप है कि गुतुरमा बस स्टैंड में ढाबा संचालक के पुत्र दीपक गुप्ता व रोकी गुप्ता ने उसके साथ मारपीट की। बताया जा रहा है कि घटना के एक रात पूर्व लाइनमैन मनोज कुमार कंवर से ढाबा का कर्मचारी ललित सिंह शराब पीने के लिए पैसों की मांग कर रहा था। लाइनमैन ने कर्मचारी को शराब पीने के लिए 100 रुपए दिए। महज सौ रुपए दिए जाने से कर्मचारी ललित सिंह नाराज हो गया व और सौ रुपए की मांग करते हुए विवाद करने लगा। विवाद बढ़ने पर आक्रोश में लाइनमैन मनोज कुमार ने कर्मचारी को कह दिया कि वह उसी सौ रुपए में से 50 रुपए की शराब पी ले और बाकी के 50 रुपए का कफन खरीदकर अपने मालिक को दे देना। लाइनमैन द्वारा कही गई इस बात को कर्मचारी ने ढाबा संचालक को दी। लाइनमैन द्वारा की गई टिपण्णी से नाराज होकर ढाबा संचालक के पुत्र नाराज थे। इसी बीच जब ढाबा संचालक के पुत्रों की नजर लाइनमैन पर पड़ी तो उन्होंने उसकी जमकर पिटाई कर दी। इस घटना में लाइनमैन को गंभीर रूप से चोटें आई है। आरोप है कि लाइनमैन जब घटना की शिकायत लेकर थाने पंहुचा तो पुलिस ने एफआईआर लिखने के बजाए उसपर समझौता करने का दबाव बनाया। जब लाइनमैन समझौता करने के लिए तैयार नहीं हुआ तो ढाबा संचालक के पुत्रों को बुलाकर उनकी ओर से भी काउंटर अपराध दर्ज करा दिया गया। इस घटना के बाद लाइनमैन के साथ ही स्थानीय लोगों ने आज घटना की शिकायत विधायक राम कुमार टोप्पो से की है। ग्रामीणों का कहना है कि इस तरह काउंटर अपराध दर्ज कर पुलिस आरोपियों को बचाने का काम कर रही है। उन्होंने पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कार्रवाई की मांग की।

## राष्ट्रीय सेवा योजना शांति सद्भावना प्रेम व भाई चारे का देता है संदेश
# गांव और शहर की दूरियों को पाटते चलें : डॉ रक्षित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

रासेयो का सात दिवसीय शिविर उमा विद्यालय लोखंडी में शुरू किया गया। शिविर का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अथिति शासकीय एनईएस महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विजय रक्षित ने किया। इस अवसर पर नव संकल्प के प्राचार्य डॉ अनिल श्रीवास्तव, डॉ मिथलेश पाठक सहित गोविंद मिश्र उपस्थित थे।

मां सरस्वती के पूजन अर्चन के उपरांत छात्रों को सम्बोधित करते हुए डॉ विजय रक्षित ने कहा कि रासेयो जहां छात्रों में व्यक्तित्व विकास करता है वही गांव और शहर की दूरी को पाटता भी है। रासेयो के छात्र शांति, सद्भावना, प्रेम, भाईचारा का संदेश देते हुए राष्ट्र निर्माण का कार्य करते हैं। आपको रासेयो के छात्र के रूप में ज्ञान सूचना का उपयोग करते हुए अधिकतम सफलता प्राप्त करना है। डॉ अनिल श्रीवास्तव ने छात्रों को स्वामी विवेकानन्द के 1893 के शिकागो में उनके प्रसंग की चर्चा करते हुए ऐतिहासिक जानकारी देकर बताया कि भारत मे नौजवान को आह्वान करते हुए उनके रगों में राष्ट्र निर्माण की धारा का जुनून जोश भरा। रासेयो का उद्देश्य एक शसक्त युवा का निर्माण करना है। जिससे चरित्रवान पीढ़ी देश के कर्णधार बने। इस अवसर पर डॉ मिथलेश पाठक ने छात्रों को नौजवान आओ रे नौजवान गाओ रे गीत का सामूहिक गान कराया।

कार्यक्रम अधिकारी जगतपाल भगत के नेतृत्व में 50 छात्र छात्राओं का समूह सात दिवसीय शिविर का सफलतापूर्वक संचालन हो रहा है। शिविरार्थियों को लगातार कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य श्रीमती सुगन्ति बुनकर ने प्रेरणास्वरूप मार्गदर्शन कर रहे हैं कार्यक्रम के सहयोग में व्याख्याता मुकेश पाठक, भोजराम साहू, मोहन सहित शंकर दयाल भगत, सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।



मां सरस्वती के पूजन अर्चन करते अतिथि।

# शेयर खरीदने के बाद रहें बेफिक्र भाव गिरे तब भी फायदे में रहोगे

*हर सौदे में नुकसान से बचने के लिए हेजिंग करना जरूरी ● स्टॉक मार्केट में हेजिंग का मतलब रिस्क मैनेजमेंट स्ट्रेटेजी ● यह आपको बड़े नुकसान से बचाने में हर हाल में सक्षम ● शेयरों में पैसा लगाना बाजार जोखिमों के अधीन होता है ● फ्यूचर एंड ऑप्शन में कॉल और पुट की एक्सपायरी भी ● इसकी अवधि एक माह तक हो सकती है ● आप हर माह अपनी कैश पॉजिशन को नुकसान से बचा सकते हैं*

बिजनेस डेस्क

शेयर बाजार में पैसा लगाते वक्त एक डर हमेशा निवेशकों के मन में रहता है कि कहीं स्टॉक गिर तो नहीं जाएगा। यह चिंता बड़े निवेशकों को बहुत रहती है, क्योंकि जो व्यक्ति बाजार में 10 लाख, 1 करोड़ या उससे ज्यादा पैसा लगाता है तो शेयरों में गिरावट होने का डर लाजिमी है, लेकिन, शेयरों में करोड़ों रुपये लगाने वाले इन्वेस्टर्स नुकसान से बचने के लिए बीमा भी करा लेते हैं। आप सोचेंगे कि शेयर खरीदने पर कौन-सा इंश्योरेंस होता है हमने तो आज तक नहीं सुना। आपने नहीं सुना इसका यह मतलब नहीं है कि ऐसा नहीं होता है। चूंकि शेयरों में पैसा लगाना बाजार जोखिमों के अधीन है और जहां रिस्क है वहां खुद को सिक्योर करना बहुत जरूरी है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए शेयर बाजार में फ्यूचर एंड ऑप्शन के कॉन्सेप्ट को लाया गया है, जिन्हें हेजिंग टूल कहा जाता है। इस रिपोर्ट के जरिये हम आपको बताएं कि कि एफ एंड ओ यानि फ्यूचर एंड ऑप्शन क्या है। इसके क्या लाभ हैं। यह कैसे शेयर का भाव गिरने पर भी नुकसान नहीं होन देता।



### क्या होती है हेजिंग

बाजार के जानकारों का कहना है कि स्टॉक मार्केट में हेजिंग का मतलब रिस्क मैनेजमेंट स्ट्रेटेजी यानी जोखिम प्रबंधन रणनीति है। इसका इस्तेमाल निवेशकों द्वारा शेयरों की कीमत में होने वाले से संभावित नुकसान को कम करने के लिए किया जाता है। हेजिंग की सुविधा शेयर, बॉन्ड, कमोडिटी और करेंसी सभी मार्केट में उपलब्ध है। इसे असानी से लिया जा सकता है। इसके कई प्रकार के लाभ होते हैं।

### जोखिम से बचाने वाला बीमा

मान लीजिये आपने बहुत रिसर्च करके कोई शेयर खरीदा और आप आश्वस्त हैं कि आने वाले दिनों में शेयर का भाव बढ़ेगा, लेकिन, बाजार में इसकी कोई गारंटी नहीं होती है। एक बुरी खबर से शेयर औंधे मुंह गिर जाते हैं। ऐसे में अपनी पॉजिशन को हेज करना बहुत जरूरी है। मान लीजिये आप कोई भी स्टॉक खरीदते हैं, जिसका भाव 130 रुपये है। अगर आपने 130 के भाव से 10,000 शेयर खरीदे यानी कुल 13 लाख रुपये का निवेश किया।

*जरा सोचिये, 13 लाख रुपये कितनी बड़ी रकम होती है और वह हम ऐसे बाजार में रखते हैं जहां रिस्क और रिवॉर्ड दोनों मिलते हैं। जिस तरह हम महंगी गाड़ी खरीदने पर इंश्योरेंस कराते हैं और कीमती जेवरों की सुरक्षा के लिए उन्हें लॉकर में रखते हैं, इन दोनों कामों के लिए हमें प्रीमियम या किराया देना होता है। ठीक उसी तरह फ्यूचर एंड ऑप्शन में प्रीमियम अदा करके अपनी 13 लाख रुपये की पॉजिशन को हेज कर सकते हैं।*

### आसानी के कर सकते हैं

फ्यूचर एंड ऑप्शन में पुट या कॉल ऑप्शन खरीद या बेचकर कैश मार्केट की पॉजिशन को आसानी से हेज किया जा सकता है। हालांकि, कॉल और पुट खरीदने में सिर्फ प्रीमियम देना होता है जो काफी कम होता है, जबकि सेल करने के लिए मार्जिन लगता है जो काफी ज्यादा होता है। इसलिए निवेशक कम पैसे में अपने निवेश किए गए रुपयों को आसानी से हेज कर सकते हैं और होने वाले नुकसान से बच सकते हैं।

### यह भी कर सकते हैं

निवेशकों ने जिस स्टॉक के लिए 130 के भाव पर 10,000 शेयर खरीदे हैं। अगर शेयर गिरा तो नुकसान से बचने के लिए आप इस स्टॉक के 130 रुपये की स्ट्राइक प्राइस का पुट ऑप्शन खरीद सकते हैं, जिसका भाव इस बाजार तक 4 रुपये तक चल रहा है और इसका लॉट साइज 10,000 है। आपको 40,000 रुपये का प्रीमियम देना होगा। यानी 13 लाख की कैश पॉजिशन में होने वाले नुकसान से बचने के लिए आपने 40,000 में पुट ऑप्शन खरीद लिया।

## ऐसे होता है प्रॉफिट

अब आप देखिये कैश पॉजिशन में 1 लाख का प्रॉफिट होता है और पुट ऑप्शन में 40,000 का नुकसान भी हो जाए तो भी आप 60,000 के मुनाफे में रहेंगे। वहीं, अगर शेयर का भाव गिरकर 120 रुपये आ जाता है तो पुट ऑप्शन का प्रीमियम बढ़ेगा। ऐसे में कैश पॉजिशन में आपको 1 लाख का नुकसान होगा। वहीं, पुट का प्रीमियम बढ़कर 4 रुपये से बढ़कर 14 रुपये पहुंच जाता है तो यहां आपको 1 लाख रुपये का प्रॉफिट होगा यानी कैश पॉजिशन में 1 लाख का नुकसान और पुट ऑप्शन में 1 लाख का प्रॉफिट होने पर 'नो लॉस नो प्रॉफिट' रहेगा। अगर पुट का प्रीमियम 14 से बढ़कर 16 रुपये हुआ तो उल्टा आप 20,000 के प्रॉफिट में रहेंगे। हालांकि, फ्यूचर एंड ऑप्शन के जरिए हेजिंग करने के लिए शेयरों की चाल पर नजर रखना बहुत जरूरी है, जिस दिशा में शेयर बढ़े उसके हिसाब से पॉजिशन को काटना जरूरी है, ताकि ज्यादा से ज्यादा मुनाफा हासिल किया जा सके। बता दें कि फ्यूचर एंड ऑप्शन में कॉल और पुट की एक्सपायरी होती है, जिसकी अवधि एक माह होती है। आप हर माह अपनी कैश पॉजिशन को हेजिंग के जरिए नुकसान से बचा सकते हैं।



# सोना या शेयर 2024 में किस से चमकेगी आपकी किस्मत

*अक्सर देखने में आता है कि निवेशकों की निगाह हमेशा ऐसे विकल्पों को खोजती रहती है, जो उन्हें तगड़ा रिटर्न दिला सके। वर्ष 2023 को देखें तो सोना और सेंसेक्स दोनों ने ही जमकर रिटर्न दिया है। ऐसे में निवेशकों के लिए ये दोनो एसेट्स निवेश का बेहतर विकल्प बनकर उभरे हैं। वैसे भी कहा जाता है कि निवेशकों के लिए शेयर और सोना दोनों ही पोर्टफोलियो में रखना फायदेमंद होता है।*

बिजनेस डेस्क

साल 2023 निवेशकों के लिए काफी गोल्डन रहा है। शेयर बाजार हो या सोना, दोनों ने ही जमकर रिटर्न दिया। इससे सैकड़ों निवेशक मालामाल हुए हैं। सेंसेक्स ने जहां ऐतिहासिक आंकड़ों को छू लिया तो सोना भी पहली बार 60 हजार के पार पहुंचा। अब बाजार के जानकारों के अनुमान है कि वर्ष 2024 भी निवेशकों को जमकर मुनाफा देकर जाएगर। ऐसे में सवाल उठता है कि इस साल निवेशकों को किस एसेट्स पर ज्यादा दांव लगाना चाहिए, सोने पर या शेयरों में। इस बारे में एक्सपर्ट ने निवेशकों के लिए कई काम की जानकारियां दी हैंए जिससे सारी कंफ्यूजन दूर हो गई। वर्ष 2023 को देखें तो सोना और सेंसेक्स दोनों ने ही जमकर रिटर्न दिया है। ऐसे में निवेशकों के लिए ये दोनो एसेट्स निवेश का बेहतर विकल्प बनकर उभरे हैं। वैसे भी कहा जाता है कि निवेशकों के लिए शेयर और सोना दोनों ही पोर्टफोलियो में रखना फायदेमंद होता है।

- **दोनों ही दे रहे एफडी से दोगुना रिटर्न, फिर बेस्ट क्या**
- **शेयर और सोना दोनों पोर्टफोलियो में रखना फायदेमंद**
- **शेयर बाजार में करीब 10 हजार अंकों का उछाल दिखा**
- **बाजार ने अपने निवेशकों को 16 फीसदी का रिटर्न दिया**
- **गोल्ड में पैसे लगाने वाले को 15 फीसदी का रिटर्न मिला**

### बाजार ने पिछले साल 16 फीसदी रिटर्न दिया

अगर हम 2023 पर नजर डालें तो शेयर बाजार में करीब 10,000 अंकों का उछाल दिखा है। इसका मतलब है कि बाजार ने अपने निवेशकों को करीब 16 फीसदी का रिटर्न दिया है। इसी तरह, अगर गोल्ड पर नजर दौड़ाई जाए तो 2023 में इस विकल्प में पैसे लगाने वाले को करीब 15 फीसदी का जबरदस्त रिटर्न मिला है। ऐसे में हम 2024 को लेकर एक्सपर्ट से शेयर बाजार और सोना दोनों का ही ग्रोथ प्रोजेक्शन लेकर आए हैं, जिससे निवेशकों को यह जानने में आसानी होगी कि वे अपना पैस किस विकल्प में लगाएं।

### शेयर बाजार फिर देगा तगड़ा रिटर्न

इक्विटी और शेयर बाजार के जानकारों का कहना है कि साल 2024 में भी सेंसेक्स का प्रदर्शन जबरदस्त रहेगा। उन्होंने बताया कि 2024 की समाप्ति तक सेंसेक्स 83,250 और निफ्टी 25,000 के आंकड़े को पार कर सकता है। बता दें कि हाल ही में सेंसेक्स 71,434 पर बंद हुआ है। इस हिसाब से देखा जाए तो 2024 में सेंसेक्स करीब 12 हजार अंकों का उछाल हासिल कर सकता है। यह करीब 14.41 फीसदी का रिटर्न हुआ। इससे पहले 2 जनवरी, 2023 को सेंसेक्स 61,168 के स्तर पर बंद हुआ था। यानी शेयर बाजार से निवेशकों को इस साल 14 फीसदी से ज्यादा रिटर्न मिलने का अनुमान है।

### सोने पर क्यों लगाएं दांव

एक जानी मानी कमोडिटी फर्म का कहना है कि ग्लोबल मार्केट में जिस तरह के हालात चल रहे हैं और महंगाई ने पूरी दुनिया पर दबाव बना रखा है तो 2024 में भी गोल्ड की कीमतों में तेज उछाल का अनुमान है। उन्होंने कहा कि गोल्ड ने 2023 को 63,203 रुपये के स्तर पर क्लोज किया और अपने निवेशकों को 14.88 फीसदी का जबरदस्त रिटर्न दिया। 3 जनवरी, 2024 को 24 कैरेट शुद्धता वाले सोने का भाव 63,344 रुपये रहा, जो साल के आखिर तक 72 हजार रुपये तक जा सकता है। इस लिहाज से एक तोला सोना खरीदने वाले को प्रति 10 ग्राम करीब 9 हजार रुपये का फायदा होगा। इसका मतलब है कि गोल्ड पर इस साल 15.2 फीसदी का रिटर्न मिलने का अनुमान है। इसलिए निवेशक गोल्ड में भी पैसा लगाकर अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं। वैसे भी गोल्ड को निवेश का सबसे अच्छा विकल्प माना जाता रहा है। ऐसे में गोल्ड पर पैसा लगाना काफी लाभकारी साबित हो सकता है।

### फिर दोनों में बेस्ट कौन

आंकड़ों से स्पष्ट है कि न शेयर बाजार और सोना दोनों ही दहाई अंकों में रिटर्न दे रहे हैं। दोनों का ही अनुमान लगभग एक जैसा है। ऐसे में निवेशकों को दोनों ही विकल्पों को अपने पोर्टफोलियो में रखना चाहिए। जो निवेशक ज्यादा जोखिम उठाने की क्षमता रखते हैं, उन्हें ज्यादातर पैसे शेयर बाजार में लगाने चाहिएं। वहीं, कम जोखिम की क्षमता रखने वालों को सोने पर दांव लगाना चाहिए। सोने पर इसलिए भी ज्यादा भरोसा है, क्योंकि ग्लोबल मार्केट में चल रही उथल-पुथल को देखें तो सोने की मांग आगे और बढ़ने का अनुमान है। इसके अलावा महंगाई व बढ़ती ब्याज दरों की वजह से भी सोना हॉट कमोडिटी बना रहेगा।

# एक दो नहीं, बल्कि 5 तरह की होती हैं एसआईपी

*क्षमता के हिसाब से निवेश कर कमा सकते हैं अच्छा पैसा*

*एसआईपी 10 से 30 फीसदी तक का रिटर्न देने में सक्षम*

*सालाना आधार पर एसआईपी की रकम को बढ़ाते जाएं*

बिजनेस डेस्क

बिजनेस डेस्क। शेयर बाजार में निवेश करने वालों के लिए यह जानना बेहद जरूरी है कि एसआईपी कितने प्रकार की होती है, एसआईपी के बार में सुना तो लगभग सभी ने होगा, लेकिन यह बात कम ही लोग जानते हैं कि एसआईपी भी कई तरह की होती है। बाजार के जानकारों का कहना है कि एसआईपी करीब पांच प्रकार की होती है। इसमें निवेश करना बेहद फायदेमंद माना जाता है। यह आपको 10 से 30 फीसदी तक का रिटर्न देकर मालामाल करने में सक्षम होती है। जब कभी बात निवेश की आती है तो आपने अक्सर लोगों को ये सुझाव देते सुना होगा कि एसआईपी शुरू कर लो। एसआईपी यानी सिस्टेमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान। इसके तहत आप हर महीने एक तय रकम किसी म्यूचुअल फंड में निवेश करते हैं। हालांकि, ये बात कम ही लोग जानते हैं कि एसआईपी भी कई तरह की होती है। आइए जानते हैं कितनी तरह की होती है एसआईपी और कैसे करती है काम।

### 1. रेगुलर एसआईपी

सबसे पहली है रेगुलर एसआईपी, जिसके तहत आप हर महीने एक तय रकम निवेश करते हैं। यह आप हर महीने, तिमाही या छमाही आधार पर कर सकते हैं। आपके पास ये विकल्प होता है कि आप तारीख खुद से चुन सकते हैं।

### 2. स्टेप-अप एसआईपी

इस एसआईपी के तहत आपको एक तय अवधि में एसआईपी को बढ़ाने की सुविधा मिलती है। जैसे सालाना आधार पर आप एसआईपी की रकम को बढ़ा सकते हैं। मान लीजिए कि आप हर महीने 10 हजार रुपये की एसआईपी करते हैं, तो इसके तहत आप उसे



हर साल 10 फीसदी या 5 फीसदी जो भी आप चाहे उस दर से बढ़ा सकते हैं. इसके तहत आपका निवेश ऑटोमेटिक तरीके से बढ़ता चला जाता है।

### 3. फ्लेक्सिबल एसआईपी

इसके बाद नंबर आता है फ्लेक्सिबल एसआईपी का, जिसके तहत आप अपनी एसआईपी में कुछ बदलाव कर सकते हैं। उदाहरण के लिए आप एसआईपी की रकम बढ़ा सकते हैं या घटा सकते हैं। हालांकि, अगर आप ऐसा कुछ करना चाहते हैं तो इसके लिए आपको अपने फंड हाउस को एसआईपी कटने की तारीख से करीब हफ्ते भर पहले बताना होगा।

### 4. ट्रिगर एसआईपी

यह सबसे दिलचस्प एसआईपी है। इसमें आप पैसे, समय और वैल्युएशन के आधार पर तय कर सकते हैं कि कब एसआईपी ट्रिगर होगी। आप इसके लिए पहले से ही कंडीशन लगा सकते हैं। जैसे अगर कीमत के आधार पर बात करें तो आप कंडीशन लगा सकते हैं कि जब एनएवी 1000 रुपये से अधिक हो जाए तो ट्रिगर एसआईपी शुरू हो जाए। वहीं, आप ये भी तय कर सकते हैं कि अगर एनएवी 1000 रुपये से कम हो जाए तो आपके कुछ अतिरिक्त पैसे एसआईपी में लगने लगें। इसी तरह से समय और वैल्युएशन के आधार पर भी ट्रिगर एसआईपी को प्लान किया जा सकता है।

### 5. इंश्योरेंस के साथ एसआईपी

ये वह एसआईपी होती है, जिस पर आपको टर्म इंश्योरेंस कवर भी मिलता है। अलग-अलग फंड हाउस में यह अलग-अलग तरीके से हो सकती है। कुछ इसके तहत पहली एसआईपी के अमाउंट का 10 गुना तक इंश्योरेंस कवर देते हैं, जो बाद में बढ़ता जाता है। यह फीचर सिर्फ इक्विटी म्यूचुअल फंड्स में मिलता है और इस पर एक कैपिंग होती है, जैसे 50 लाख रुपये।

### इन्वेस्टमेंट जल्दी शुरू करें

जल्दी इन्वेस्टमेंट से मतलब है, कम उम्र में निवेश शुरू कर देना। ऐसा करके आप एसआईपी में ज्यादा टाइम तक इन्वेस्ट कर रिटर्न के रूप में बड़ा अमाउंट पा सकते हैं। एसआईपी में जितना दिन आपका इन्वेस्टमेंट रहेगा, आपको उतनी ही ज्यादा कंपाउंडेड रिटर्न मिलेगा। इसलिए 20 से 30 साल की उम्र के बीच इन्वेस्टमेंट शुरू कर दें।

### रेगुलर इन्वेस्टमेंट करें

रेगुलर इन्वेस्टमेंट से एक फाइनेंशियल डिसिप्लिन मेंटेन होता है। इसका एक और फायदा है-अगर आप रेगुलर इन्वेस्टमेंट करते हैं, तो कई बार औसत लागत से ज्यादा फायदा मिल जाता है। इसका मतलब यह है कि अगर कीमतें कम होती हैं, तो आप ज्यादा यूनिट खरीदते हैं और जब कीमतें ज्यादा होती हैं तो आप कम यूनिट खरीदते हैं। इस तरह के एसआईपी करने से शेयर बाजार में होने वाले उतार-चढ़ाव का जोखिम कम हो जाता है।

### सही फंड का चयन करें

म्यूचुअल फंड से बेहतर रिटर्न के लिए सही फंड चुनना काफी जरूरी है। वैसे म्यूचुअल फंड का चयन करें जो आपके फाइनेंशियल गोल के हिसाब से हों। इसके अलावा मार्केट के रिस्क और फंड की ग्रोथ के अनुमान को देख कर ही उसका चयन करें।

### पोर्टफोलियो को डायवर्सिफाई करें

पोर्टफोलियो को डाइवर्स रखने से आप मार्केट के रिस्क से भी बच जाते हैं और रिटर्न भी बेहतर मिलने की संभावना बढ़ा जाती है। इसलिए इक्विटी, डेट, गोल्ड, रियल एस्टेट और दूसरे फंड में इन्वेस्ट करने की सोचें। इससे एक के प्रॉफिट से दूसरे के नुकसान की भरपाई हो जाती है।

### समय के साथ अमाउंट बढ़ाएं

जैसे-जैसे आपकी इनकम बढ़ती जाती है, आप अपने इन्वेस्टमेंट के अमाउंट को भी बढ़ाएं। वेल्थ बढ़ाने का यह एक बेहतर तरीका है। इसलिए आप धीरे-धीरे एसआईपी के अमाउंट को बढ़ाकर बढ़ी हुई इनकम का लाभ ले सकते हैं।

# म्यूचुअल फंड्स से अलग हैं आर्बिट्राज फंड

**ये फंड दे जाते हैं कम रिस्क में स्टेबल रिटर्न, टैक्स के लिहाज से बेहतर हैं आर्बिट्राज फंड**

***किन लोगों को करना चाहिए इनमें इनवेस्ट, म्यूचुअल, आर्बिट्राज फंड, कम रिस्क में बेहतर रिटर्न की गारंटी***



बिजनेस डेस्क

इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश करने वालों को आमतौर पर यही सलाह दी जाती है कि किसी फंड में पैसे लगाने के बाद धैर्य के साथ सही समय का इंतजार करें और उसे बेचने का फैसला तभी करें, जब आपके निवेश की वैल्यू पर्याप्त रूप से बढ़ जाए। लेकिन इनवेस्टमेंट का एक तरीका ऐसा भी है, जिसमें फंड मैनेजर इक्विटी में निवेश तभी करता है, जब उसे मुनाफा सामने नजर आ रहा हो। सही मौका मिलते ही वह एक हाथ से निवेश करता है और दूसरे हाथ से बेचकर प्रॉफिट बुक कर लेता है। बाकी तमाम एसेट्स की तुलना में बिलकुल अलग ढंग से काम करने वाले इस फंड का नाम है आर्बिट्राज म्यूचुअल फंड। निवेश की बिलकुल अलग स्ट्रैटजी के कारण इसे इक्विटी में निवेश का सबसे कम जोखिम वाला तरीका भी कहा जा सकता है।

इक्विटी इनवेस्टमेंट के मामले में आर्बिट्राज का मतलब है, किसी एक शेयर की एक समय में दो अलग-अलग बाजारों या एक्सचेंज में दो अलग-अलग कीमतों के बीच मौजूद अंतर का फायदा उठाकर उसकी खरीद-बिक्री करना। मिसाल के तौर पर अगर एक शेयर का दाम एक स्टॉक एक्सचेंज में ज्यादा और दूसरे एक्सचेंज में कम हो, तो उसे एक ही साथ सस्ते बाजार से खरीदकर महंगे बाजार में बेचा जा सकता है और इस तरह फौरन मुनाफा कमाया जा सकता है। इसी तरह स्पॉट मार्केट और फ्यूचर्स मार्केट यानी वायदा बाजार में एक ही शेयर की अलग-अलग कीमत का लाभ भी उठाया जा सकता है।

### आर्बिट्राज का फायदा

आर्बिट्राज के जरिए मुनाफा कमाने में दो दिक्कतें हैं- एक तो इसके लिए काफी हुनर और वक्त चाहिए, क्योंकि आपको एक साथ लगातार कई बाजारों और शेयरों पर नजर रखकर आर्बिट्राज के मौके तलाशने पड़ते हैं। दूसरी दिक्कत यह है कि दो बाजारों के बीच शेयरों की कीमतों में अंतर आम तौर पर काफी कम होता है। लिहाजा पर्याप्त मुनाफा कमाने के लिए बार-बार बड़े वॉल्यूम वाली डील करना जरूरी है। किसी आम निवेशक के लिए निजी तौर पर ऐसा करना मुश्किल है। लेकिन आर्बिट्राज फंड में निवेश करके इस स्ट्रैटजी का लाभ लिया जा सकता है।

### मौके तलाशते हैं फंड मैनेजर

फंड मैनेजर और उनकी टीम लगातार आर्बिट्राज के मौके तलाशते रहते हैं और बार-बार खरीद-बिक्री करके मुनाफा कमाते हैं। सबसे खास बात यह है कि आर्बिट्राज फंड का मैनेजर किसी इक्विटी में निवेश तभी करता है, जब उसे किसी और मार्केट में मुनाफा दिख रहा हो। लिहाजा, इसमें नुकसान का रिस्क बेहद कम हो जाता है। फंड मैनेजर्स को जब इक्विटी में मुनाफा नहीं दिखता तो वो फंड को शॉर्ट टर्म मनी मार्केट या डेट इंस्ट्रूमेंट्स में पार्क करके रखते हैं, ताकि उस पर कुछ न कुछ रिटर्न मिलता रहे।

### टैक्स बेनिफिट

आर्बिट्राज फंड दरअसल हाइब्रिड फंड हैं, जिन्हें टैक्सेशन के लिहाज से इक्विटी फंड की कैटेगरी में रखा जाता है। यानी अगर इसमें किए गए निवेश को 1 साल तक होल्ड करने के बाद निकाला जाए, तो उस पर 1 वित्त वर्ष के दौरान हुए 1 लाख रुपये तक के मुनाफे पर कोई टैक्स नहीं लगता। इससे ज्यादा मुनाफा होने पर 10 फीसदी की दर से लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन्स टैक्स लगता है। 1 साल से पहले निवेश निकालने पर होने वाले प्रॉफिट पर 15 फीसदी की दर से शॉर्ट टर्म कैपिटल गेन्स टैक्स देना पड़ता है।

### पिछले 1 साल में 8% तक रिटर्न

आर्बिट्राज फंड में निवेश पर जोखिम तो बहुत कम होता है, क्योंकि फंड मैनेजर प्रॉफिट दिखने पर एक बाजार से स्टॉक खरीदकर उसे दूसरे बाजार में बेच देता है, लेकिन ऐसे मौके ज्यादा नहीं मिलते और दो बाजारों में कीमतों का अंतर भी बहुत कम होता है। इसलिए इनमें मिलने वाला रिटर्न भी औसत ही रहता है। पिछले 1 साल में देश के कुछ टॉप आर्बिट्राज फंड ने लगभग 8 फीसदी तक सालाना रिटर्न दिया है। टैक्स बेनिफिट को जोड़ दें तो यह रिटर्न और भी बेहतर नजर आएगा। हालांकि इसे भविष्य के रिटर्न की गारंटी नहीं माना जा सकता।



### किसे करना चाहिए निवेश

आर्बिट्राज फंड में निवेश का रिस्क प्रोफाइल डेट फंड की तरह होता है। यही वजह है कि कई आर्बिट्राज फंड बेंचमार्क के तौर पर लिक्विड फंड इंडेक्स का इस्तेमाल करते हैं। आर्बिट्राज फंड उन निवेशकों के लिए बेहतर विकल्प हैं जो इक्विटी में निवेश करना चाहते हैं, लेकिन जोखिम नहीं उठाना चाहते। उतार-चढ़ाव वाले बाजार में, जोखिम से परहेज करने वाले कई निवेशक अपना पैसा आर्बिट्राज फंड में रखकर औसत रिटर्न ले सकते हैं। अगर आप ऊंचे टैक्स ब्रैकेट में आते हैं, तो टैक्स बचत के लिहाज से आर्बिट्राज फंड में निवेश करना आपके लिए अच्छा विकल्प हो सकता है। पिछले बजट में डेट फंड पर टैक्स बेनिफिट खत्म किए जाने के बाद तो यह और भी आकर्षक ऑप्शन हो गया है। कुछ जानकार यह सलाह भी देते हैं अगर आप अपने सेविंग अकाउंट में ज्यादा पैसे रखते हैं, तो उसका कुछ हिस्सा आर्बिट्राज फंड में लगा सकते हैं।

## 'एनिमल' के मेकर्स ने जारी किया विशेष ऑफर, मात्र 100 रुपए में देखें मूवी...




**मुंबई।** फिल्म एनिमल जिन्होंने अभी तक नहीं देखी है उनके लिए ये एक अच्छी खबर है। फिल्म के मेकर्स ने फैंस के लिए एक खास ऑफर पेश किया है। अब तक जिसने ये फिल्म न देखी हो, वो अब बहुत ही कम दाम में इसे थिएटर में जाकर देख सकता है। बताया जा रहा है, ये ऑफर फिल्म के मेकर्स ने फिल्म की सक्सेस को देखते हुए निकाला है, और ये ऑफर है 300 रुपए में मिलना वाला टिकट अब 100 रुपए में मिलेगा।

## 'डंकी' ने तोड़ा चेन्नई एक्सप्रेस का रिकॉर्ड वर्ल्डवाइड किया 436.40 करोड़ का कलेक्शन



**मुंबई।** राजकुमार हिरानी के निर्देशन में बनी फिल्म डंकी दर्शकों को काफी पसंद आ रही है।'डंकी' को बॉक्स ऑफिस पर रिलीज हुए 19 दिन हो चुके हैं। इतने दिनों में शाहरुख खान की इस फिल्म ने कई रिकॉर्ड बना लिए हैं। 'डंकी' ने फिल्म चेन्नई एक्सप्रेस का रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिया है। जिसने दुनिया भर में 424.54 करोड़ रुपए की कमाई की थी। फिल्म ने दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर 436.40 करोड़ रुपए की कमाई की है।

## मचा प्रभास की फिल्म सालार का भौकाल दुनियाभर में किया गदर-2 का रिकॉर्ड ब्रेक



**मुंबई।** वर्ल्डवाइड प्रभास की फिल्म ने रिलीज के 18वें दिन 687.51 करोड़ रुपये की कमाई के साथ सनी देओल की साल 2023 की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'गदर 2' को पीछे छोड़ दिया है। बता दें कि 'गदर 2' ने दुनियाभर में 686 करोड़ रुपए कमाए थे। प्रशांत नील के निर्देशन में बनी और प्रभास स्टारर 'सालार पार्ट 1: सीजफायर' ने देश और पूरी दुनिया में शानदार परफॉर्म किया है और इसी के साथ इसने छप्परफाड़ कमाई भी की है।




## फाइटर का नया गाना 'हीर आसमानी' रिलीज

**मुंबई।** फिल्म फाइटर का नया गाना हीर आसमानी मंगलवार को रिलीज हुआ। फिल्म के डायरेक्टर सिद्धार्थ आनंद का कहना है, "हीर आसमानी एक ऐसा ट्रैक है, जो एक साथ आने वाले एयर ड्रैगंस के विशेष दस्ते को समर्पित है। यह गाना ब्रीफिंग और ट्रेनिंग सेशन के साथ-साथ उनके डाउनटाइम के दौरान क्रू बॉन्डिंग को प्रदर्शित करता है। हीर आसमानी की थीम एयर फोर्स है, जिसमें पायलट आसमान के प्रति अपने बिना शर्त प्यार, अपने जुनून को व्यक्त कर रहे हैं। गाने के वीडियो में ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण आसमान में उड़ान भरते हैं। वहीं, बाकी किरदार बाद में क्रू के साथ मस्ती करते नजर आते हैं।

लाइफ Style

# रश्मिका
## पहले भी टूट चुकी है सगाई

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इन दिनों रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा की सगाई की खबरें सुर्खियों में बनी हुई है। हालांकि अभी आधिकारिक तौर पर कुछ भी नहीं है। लेकिन क्या आपको पता है विजय से पहले भी रश्मिका का दिल किसी और के लिए धड़क चुका है। इतना ही नहीं दोनों ने सगाई की और फिर रिश्ता टूट गया।

रश्मिका एक बार पहले भी सगाई कर चुकी हैं। एक्ट्रेस ने सगाई के 14 महीने बाद अपना रिश्ता तोड़ दिया था। रश्मिका की पहली साउथ फिल्म 'किरिक पार्टी' थी। इस फिल्म में रश्मिका के साथ लीड एक्टर में रक्षित शेट्टी थे। दोनों को फिल्म की शूटिंग के वक्त दोस्ती गहरी हो गई। ये दोस्ती कब प्यार में बदल गई दोनों को इसका पता ही नहीं चला। इसके बाद रश्मिका ने साल 2017 में रक्षित शेट्टी से सगाई कर ली थी। लेकिन दोनों का रिश्ता महज 14 महीने ही चला और फिर दोनों ने सगाई तोड़ दी।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक रश्मिका और रक्षित के सगाई तोड़ने के पीछे की वजह दोनों की कंपेटिबिलिटी में आ रही दिक्कतें थीं। खबर तो ये भी है कि इन 14 महीनों में दोनों के बीच काफी दिक्कतें आने लगी थीं, जिसके बाद दोनों ने अलग होने का फैसला किया था। रश्मिका ऐसी एक्ट्रेस है, जिन्होंने साउथ से लेकर बॉलीवुड तक खूब नाम कमाया। साउथ में अपनी एक्टिंग का लोहा मनवाने के बाद रश्मिका ने हिंदी सिनेमा जगत में एंट्री मारी और अब हाल ही में रिलीज 'एनिमल' में सभी को इंप्रेस कर दिया। वहीं 'पुष्पा' फिल्म के तो क्या ही कहने। इस फिल्म में रश्मिका ने श्रीवल्ली बनकर लोगों का ऐसा दिल जीता कि वो फैंस के दिलों में कब्जा जमा गईं।



हॉलीवुड मसाला



## सेलेना ने किया बेनी को किस

**लॉस एंजेलिस।** एक्टर-सिंगर सेलेना गोमेज को शो 'ओनली मर्डर्स इन द बिल्डिंग' में माबेल मोरा की भूमिका के लिए उन्हें टेलीविजन सीरीज में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री की कैटेगरी में नॉमिनेट किया गया था। अवॉर्ड को जीतने के बाद सेलेना ने बेनी ब्लैंको को सबके सामने किस किया। उन्होंने अपने ब्वॉयफ्रेंड बेनी ब्लैंकों को किस करते हुए तस्वीर को इंस्टा स्टोरी में भी शेयर किया। कुछ ही देर में सोशल मीडिया पर सेलेना और बेनी के किस की तस्वीर वायरल हो गई। सेलेना और संगीत निर्माता बेनी ब्लैंको की यह रोमांटिक किस की तस्वीर सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है।




## कैरी बर्नांस हुईं हिट एंड-रन का शिकार

**लॉस एंजेलिस।** कैरी बर्नांस खतरनाक एक्सीडेंट का शिकार हो गई। न्यूयॉर्क में उनके साथ हिट-एंड-रन एक्सीडेंट हो गया। 29 साल की एक्ट्रेस हाल ही में मां बनी थी। राहत की बात यह रही कि घटना के वक्त वह अपने बच्चे के साथ नहीं थीं। इस एक्सीडेंट में कैरी बर्नांस को कई फ्रैक्चर हुए। उनकी कई हड्डियां और दांत टूट गए। फिलहाल वह अस्पताल में हैं। उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। रिपोर्ट में इस बात की पुष्टि भी की गई है कि दुर्घटना के दौरान उनका 8 महीने का बच्चा घटनास्थल पर नहीं था। कैरी बर्नांस की मां पेट्रीसिया ली ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट की गई तस्वीरों की एक सीरीज में अपनी बेटी की चोटों के बारे में बताया है। एक तस्वीर में एक्ट्रेस का चेहरा खून से लथपथ और सूजा हुआ। उनके टूटे हुए और खून से सने दांत भी इसमें दिख रहे हैं।



## फिल्म इंडस्ट्री को चाहती हैं छोड़ना

**मुंबई।** कंगना रनौत सोशल मीडिया पर काफी ज्यादा एक्टिव रहती हैं। इसी कड़ी में कंगना ने अपने पोस्ट से हर किसी को हैरान कर दिया। अभिनेत्री ने एक बयान देते हुए कहा कि वह अपनी फिल्मों के लिए पेड निगेटिविटी के कारण जल्द ही इंडस्ट्री को छोड़ने पर विचार कर रही हैं। अभिनेत्री का यह पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। कंगना ने एक्स पर एक ट्वीट कर कुछ ऐसा लिख दिया, जिसे सोशल मीडिया यूजर्स रणबीर कपूर की हालिया रिलीज फिल्म 'एनिमल' से जोड़कर देख रहे हैं। एक्स पर बोलते हुए, कंगना ने कहा कि दर्शक महिलाओं की पिटाई वाली फिल्मों को प्रोत्साहित करते हैं, जहां उन्हें जूते चाटने के लिए कहा जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि यह उन लोगों के लिए भी हतोत्साहित करने वाला है, जो महिला सशक्तिकरण पर फिल्में बना रहे हैं।



## विशाल के साथ करेंगे कोलैबरेशन...

**मुंबई।** शाहरुख खान अपनी अगली फिल्म विशाल भारद्वाज के साथ करने जा रहे हैं। शाहरुख चाहते हैं कि वो आने वाले दिनों में अलग-अलग जॉनर की फिल्मों में काम करें। इसलिए उन्होंने विशाल के साथ काम करने का फैसला लिया है। खबरें हैं कि ये एक थ्रिलर फिल्म होगी। विशाल भारद्वाज स्टोरीटेलिंग के लिए जाने जाते हैं। शाहरुख के साथ भी वो स्टोरीटेलिंग का कोई अलग अंदाज़ बड़े पर्दे पर उतारेंगे। विशाल और शाहरुख दोनों के ही सिनेमैटिक एक्सपीरिएंस अलग-अलग हैं। इसलिए शाहरुख, विशाल के साथ काम करने को लेकर काफी एक्साइटेड भी हैं। खबरें ये भी हैं कि आने वाले कुछ दिनों में विशाल और शाहरुख की दो-चार मीटिंग्स भी होगी। इसमें इस प्रोजेक्ट पर चर्चा की जाएगी। शाहरुख ने अपने करियर में कई एक्सपेरिमेंट्स वाली फिल्में की हैं।

टीवी मसाला

## वॉर्निंग -2 के लिए जैस्मीन ने की पहली बार पंजाबी भाषा में डबिंग

**मुंबई।** अभिनेत्री जैस्मीन भसीन ने वॉर्निंग 2 के लिए पंजाबी भाषा में डबिंग की है। फिल्म हनीमून से जैस्मीन भसीन ने पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखा था फिल्म में उनके साथ गिप्पी ग्रेवाल नज़र आए थे। इस जोड़ी को लोगों ने काफी पसंद भी किया था। अब जैस्मीन फिल्म वार्निंग 2 में नज़र आनेवाली हैं। पहली बार जैस्मीन ने पंजाबी भाषा में डबिंग की है। जैस्मीन ने कहा, इससे पहले हनीमून में किसी और ने मेरे लिए डबिंग की थी, लेकिन इस बार मैं खुद करना चाहती थी। सौभाग्य से, मैंने पूरी फिल्म में डबिंग की है। चूंकि मैं पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री में और अधिक प्रस्तावों की तलाश में हूं, इसलिए मैं पंजाबी भाषा में अपनी एक अच्छी पकड़ बनाने की कोशिश कर रही हूं। वार्निंग 2 के लिए डबिंग का यह अनुभव बहुत अच्छा था। वॉर्निंग 2, 22 फरवरी को रिलीज होने वाली है।



## फिल्म मेरा नाम जोकर मे टॉप एक्ट्रेस को किया था कास्ट
# जब राज कपूर ने कर दिया था फिल्म से मुमताज को बाहर

*__मुंबई।__ राज कपूर की 'मेरा नाम जोकर' साल 1970 में रिलीज हुई थी। हालांकि, फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ज्यादा सफलता हासिल नहीं कर पाई थी, लेकिन इस फिल्म ने दर्शकों के मन में अपनी खास जगह बनाई। इस फिल्म में कई एक्ट्रेसेस एक साथ नजर आई थीं। जिन्होंने बारी-बारी के राज कपूर के साथ अपने किरदारों को बेहद ही दमदार अंदाज में दर्शकों के सामने पेश किया, लेकिन आपको यह जानकर हैरानी होगी कि इस फिल्म में उस दौर की टॉप एक्ट्रेस मुमताज को भी कास्ट किया गया था, लेकिन बाद में उनको फिल्म से बाहर कर दिया गया था। इसके पीछे की वजह शम्मी कपूर बने थे। हाल ही में अपने एक इंटरव्यू के दौरान एक्ट्रेस ने इस किस्से का जिक्र करते हुए बताया।*



### काफी समय तक एक-दूसरे को किया था डेट

यहीं वजह थी राज कपूर ने उन्हें अपनी इस फिल्म से बाहर कर दिया और उनकी जगह फिल्म में मारीना का किरदार एक रूसी एक्ट्रेस केंसिया रयाबिंकीना ने निभाया था। इससे पहले एक्सक्लूसिव इंटरव्यू में मुमताज ने बताया था कि उनका शम्मी कपूर के साथ कुछ समय तक रोमांस रहा था, लेकिन ये तब खत्म हो गया जब एक्ट्रेस ने एक स्टार से शादी करने से इनकार कर दिया उनके मुताबिक, वे शम्मी कपूर से बहुत प्यार करती थीं, लेकिन शादी नहीं कर सकती थीं। बता दें, शम्मी कपूर मुमताज से 18 साल बड़े थे।

### इस वजह से निकाला था फिल्म से

दरअसल, उस दौर में मुमताज और शम्मी कपूर का नाम एक साथ जोड़ा जा रहा था, जिसकी वजह से उनके हाथ से यह फिल्म निकल गई थी। हाल ही में एक इंटरव्यू में मुमताज ने बताया, ट्रैपेज आर्टिस्ट के रोल के लिए राज कपूर ने उनका ऑडिशन लिया था राज कपूर, जो खुद फिल्म में मुख्य अभिनेता थे ने बाद में उन्हें कास्ट न करने का फैसला किया। मुमताज ने कहा, 'उनका ऑडिशन लेने के बाद राज कपूर ने ये कहकर उनकी बात काट दी थी कि वे जल्द ही उनके घर आएंगी और वे नहीं चाहते थे कि वो इतने छोटे कपड़े पहनें।

## कोंकणा परेशान हैं अपनी बुरी आदत से, चाहती हैं छोड़ना

**मुंबई।** बॉलीवुड की शानदार एक्ट्रेसेस में से एक अभिनेत्री कोंकणा सेन शर्मा सोशल मीडिया पर खूब एक्टिव रहती है। हालांकि इन दिनों एक्ट्रेस अपनी एक आदत से बहुत परेशान है। इतना ही नहीं बल्कि इसे वो छोड़ना भी चाहती हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में एक्ट्रेस से पूछा गया कि आपकी सबसे बुरी आदत कौन-सी है। इसके जवाब में अभिनेत्री ने कहा कि अगर मैं अपनी सबसे बुरी आदत के बारे में बात करूं, तो वो है सिगरेट पीना, ये मेरी सबसे बुरी आदत है, जिसे मैं छोड़ना चाहती हूं। कोंकणा ने कहा कि मैं बहुत ज्यादा तो सिगरेट नहीं पीती हूं, लेकिन अब मैं इससे हर हाल में पीछा छुड़ाना चाहती हूं। एक्ट्रेस से उनकी लाइफ के सबसे बुरे दौर को हटाने के लिए पूछा गया, तो उन्होंने कहा कि मैं अगर अपनी लाइफ के किसी खराब टाइम को हटाना चाहती हूं, तो वो है वो तीन महीने जब मैं बेड रेस्ट पर थी। ये टाइम मेरी लाइफ का सबसे खराब टाइम था।



## खबर संक्षेप

### क्रिकेटर साईंतृषा का नेशनल टीम में चयन

**रायगढ़।** शहर की होनहार खिलाड़ी साईंतृषा प्रधान ने अपनी अद्वितीय मेहनत और प्रयासों से अंडर 19 स्कूल गेम्स भारतीय महिला क्रिकेट टीम का हिस्सा बनने का सपना साकार किया है। जिंदल स्टील प्लांट में नौकरी करने वाले साईंतृषा के पिता बसंत प्रधान अपने समय में खुद एक प्रतिष्ठित क्रिकेटर थे। उन्होंने अपने सपनों को पूरा करने के लिए बेटी के सपनों और प्रतिभा को समर्थन दिया। इसी संघर्ष और समर्थन के फलस्वरूप, साईंतृषा अब स्कूल गेम्स अंडर.19 में भारतीय महिला क्रिकेट टीम का हिस्सा बन चुकी हैं। साईंतृषा ने जावेद मेमोरियल क्रिकेट अकादमी से क्रिकेट के निपुणताओं को सीखकर अपनी क्षमताओं को बढ़ाया। उनके परिवार में उनके चयन पर अत्यंत खुशी का माहौल है क्योंकि उनकी मेहनत और प्रतिबद्धता ने उन्हें अंडर.19 राष्ट्रीय टीम में स्थान हासिल कराई है। राष्ट्रीय टीम में अपने सलेक्शन से साईंतृषा बहुत प्रशन्न है।

### छापा मारकर पुलिस ने पकड़ी 104 लीटर शराब

**रायगढ़।** जिले के विभिन्न थानों में 15 व्यक्तियों पर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई जिसमें 104 लीटर महुआ शराब की जब्ती की गई है। वहीं अवैध शराब पर सभी थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र में मुखबीर सक्रिय कर रखा गया है। थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव अहेर को ग्राम मनवापाली स्कूल पारा में अवैध शराब बिक्री की सूचना मिली तत्काल टीआई प्रशांत राव थाने की पेट्रोलिंग पार्टी के साथ मनवापाली में शराब रेड कार्रवाई कर आरोपी गोविंद सेठ पिता संकीर्तन सेठ 46 साल निवासी मनवापाली थाना चक्रधरनगर रायगढ़ को पकड़ा गया जिसके कब्जे से अवैध बिक्री के लिए 10-10 लीटर वाली जरकिन और एक 2 लीटर वाली प्लास्टिक बोतल में रखा कुल 32 लीटर महुआ शराब जब्त कर किया गया है।

### एनटीपीसी अधिकारियों से हाथापाई, अपराध दर्ज

**रायगढ़।** तहसील घरघोड़ा में 8 जनवरी को एनटीपीसी तलईपल्ली के एक अधिकारी के साथ एक स्थानीय उपद्रवी द्वारा बदसलूकी करने के मामले में पीड़ित अधिकारी की शिकायत पर नजदीकी थाने में आरोपी के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया गया है। जानकारी के मुताबिक सोमवार को दोपहर दो बजे के करीब, एनटीपीसी की एक टीम नयी खदान में निरीक्षण करने के लिए कार्यरत थी। इसी दौरान, अजीत गुप्ता नामक उपद्रवी ने टीम का नेतृत्व कर रहे अधिकारी के साथ गाली गलोच करना चालु कर दिया। जब अधिकारी द्वारा इस बर्ताव की निंदा की गई तो अजीत गुप्ता ने धक्का मुक्की की और जान से मार देने की धमकी दी। इस मामले की सूचना घरघोड़ा थाना प्रभारी श्री शरद चंद्र को दी गयी। थाना प्रभारी द्वारा तुरंत मामले को संज्ञान में लिया गया और अधिकारी द्वारा एफआईआर भी दर्ज करवाई गई।

### शराबी ट्रैक्टर चालक का कटा चालान

**रायगढ़।** थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक शरद चंद्रा द्वारा वाहन चेकिंग दौरान तेज गति से ट्रेक्टर चला रहे चालक गोपाल राठिया निवासी ग्राम कंचनपुर घरघोड़ा की जांच की गई। गोपाल राठिया के पास लाइसेंस नहीं था और वह शराब सेवन किया हुआ था। थाना प्रभारी द्वारा बिना लायसेंस, शराब पीकर तेज गति से वाहन चलाने संबंधी मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 3,181, 184 और धारा 185 के तहत प्रकरण न्यायालय पेश किया गया, जहां वाहन चालक को मोटर व्हीकल एक्ट की विभिन्न धाराओं में कुल 17 हजार रुपए के अर्थदंड' से दंडित किया गया है।

### समय से पहले विद्यालय मिला बंद, नोटिस जारी

**सारंगढ़।** कलेक्टर के एल चौहान ने सारंगढ़ विकासखण्ड के प्राथमिक शाला मानिकपुर को 5 जनवरी को दोपहर 2 बजकर 25 मिनट में स्कूल के बंद पाए जाने की सूचना पर जिला शिक्षा अधिकारी को जांच के निर्देश दिए। जांच हेतु इस प्रकरण में प्रधानपाठक एवं सहायक शिक्षक के विरुद्ध सिविल सेवा आचरण अधिनियम 1965 के तहत कारण बताओ नोटिस जारी किया है। कलेक्टर श्री चौहान ने कहा कि जिला प्रशासन की पहली प्राथमिकता शिक्षा है।

धरमजयगढ़ स्थित छात्रावास में रहती थी छात्रा, जांच में जुटी पुलिस

# 11वीं की छात्रा का संदिग्ध अवस्था में मिला शव, अधीक्षक निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

धरमजयगढ़ स्थित कन्या छात्रावास में रह कर कक्षा 11वीं में अध्ययनरत छात्रा की लाश काफरमार में संदिग्ध अवस्था में मिली थी। फिलहाल इस मामले में पुलिस कई पहलुओं को लेकर जांच कर रही है। वहीं मर्ग कायम करते हुए शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया गया है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार धरमजयगढ़ में पोस्ट मैट्रिक छात्रावास नहीं होने की वजह से पालकों के अनुरोध पर कक्षा 11वीं व 12वीं में पढ़ने वाली करीब एक से दर्जन छात्राओं को रहने की अनुमति दी गई है। इस छात्रावास में सभी छात्राएं एक साथ रहती हैं। कक्षा 11वीं में अध्ययनरत उक्त छात्रा का निवास स्थान ग्राम चीतापाली है। छात्रावास से वह अपने गांव अक्सर बिना परिजनों के ही जाना आना कर लेती थी। ऐसे में उसकी आवाजाही को लेकर परिजन भी निःश्चिंत रहते थे। बीते दिनों भी वह छात्रावास से निकली और उसके बाद उसका शव काफरमार में पाया गया। सूचना मिलने पर पुलिस सहित तहसीलदार मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मर्ग कायम करते हुए आगे की कार्रवाई में जुट गई। इसके साथ ही इस घटना के बाद आदिवासी विकास विभाग ने उक्त छात्रावास के अधीक्षक को हटा दिया है। वहीं उसे नोटिस जारी कर जवाब तलब किया गया है। सूत्रों की मानें तो पुलिस द्वारा इस मामले को संदेहास्पद मान कर जांच की जा रही है। हालांकि इस मामले में अब तक ऐसे खास सुराग हाथ नहीं लगे है, जिससे इस मामले की अनसुलझी पहली की कड़ी सामने आ सके।




**मांगा जवाब**

छात्रावास में रहने वाली नाबालिग छात्रा पहले भी स्वयं घर से अकेली आना जाना करती थी। घटना के बाद अधीक्षक को लापरवाही पर हॉस्टल से हटाते हुए जवाब मांगा गया है

- बीके राजपूत
सहायक आयुक्त, ट्राइबल विभाग

# छातामुड़ा चौक पर ट्रक की चपेट में आए बाइक सवार की मौत, एक घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जूटमिल थाना क्षेत्र अंतर्गत छातामुड़ा चौक में एक अधेड़ की उस वक्त ट्रक की चपेट में आकर मौत हो गई, जब वह अपनी नाती का जाति प्रमाण पत्र बनवाने के लिए अपने एक साथी के साथ शहर आ रहा था। तभी छातामुड़ा चौक के पास यह हादसा हो गया। वहीं इस दुर्घटना में उसका साथी घायल हो गया।

सूचना मिलने पर जूटमिल पुलिस मौक पर पहुंची और शव को केजीएफ के शव गृह में रखा गया है, वहीं घायल को मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पुटकापुरी निवासी बरतराम सिदार उम्र 58 वर्ष अपने साथी जमुना चौहान के साथ अपनी नाती का जाति प्रमाण पत्र बनवाने के लिए सुबह गांव से निकला था। मोटरसाइकिल को जमुना चौहान चला रहा था। वे लोग जब छातामुड़ा चौक के पास पहुंचे तो चौक में एक ट्रक की चपेट में आने से मौके पर ही बरतराम की मौत हो गई, वहीं जमुना चौहान घायल हो गया। हादसे के बाद वहां मौजूद लोगों ने पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलने के तत्काल पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों की भीड़ को तितर बितर किया। जिसके बाद शव को केजीएच के शव गृह में रखने के लिए भेजा गया, वहीं घायल को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। वहीं मृतक के परिजनों को सूचित किया गया।





**दो बेटे की पहले ही हो चुकी है मृत्यु**

बरतराम के दो बेटों की पहले ही मौत हो चुकी है। वहीं बहु उनके साथ नहीं रहती है। ऐसे में उसकी नाती का लालन पालन बरतराम व उसकी पत्नी दोनो कर रहे हैं। अब बरतराम की भी मृत्यु हो गई।

**चौक पर लगा बेरिकेड**

बढ़ते सड़क हादसों को लेकर राजधानी में आयोजित बैठक में मिले निर्देश के मुताबिक यातायात विभाग ने छातामुड़ा चौक में बेरिगेट लगाते हुए जवान की तैनाती भी की जाएगी।

# सार्वजनिक मार्ग व तालाब पर कब्जा कर कॉलोनी निर्माण का विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

अमलीभौना में गांव की सार्वजनिक मार्ग व तालाब पर कब्जा कर कॉलोनाइजर द्वारा कॉलोनी निर्माण किए जाने का विरोध ग्रामवासियों द्वारा किया जा रहा है। ग्रामीणों द्वारा मंगलवार को आयोजित कलेक्टर जनदर्शन में इसकी लिखित शिकायत करते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं दूसरी ओर ग्रामीणों को शिकायत करने पर कॉलोनाइजर द्वारा धमकाया जा रहा है।कॉलोनाइजर के विरूद्ध शिकायत करने व गांव को कब्जा मुक्त कराने की मांग को लेकर कलेक्टोरेट पहुंचे ग्रामीणों ने बताया कि गांव के खसरा नंबर 20,21,11 व 6 में अमलीभौना से कोसमनारा जाने वाले आम रास्ते तथा खसरा नंबर 21/322 पर स्थित तालाब को ड्यूरो हिल्स नामक कॉलोनी के कॉलोनाइजर राजेश अग्रवाल व मुकेश द्वारा अवैध तरीके से कब्जा करते हुए कॉलोनी बनाई जा रही है। इस कॉलोनी के भीतर ही उक्त रास्ता व तालाब आ रहे हैं। अहम बात यह है कि यह ग्राम पंचायत का आम रास्ता है, जिसमें ग्रामीण आनाजाना करते हैं, जिसे अवरूद्ध किया जा रहा है। इसके साथ ही यहां स्थित तालाब का उपयोग भी ग्रामीणों द्वारा किया जाता है। अब इस मार्ग पर कॉलोनाइजर द्वारा बाउंड्रीवाल निर्माण कर अवरूद्ध कर दिया गया है। जिससे ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया कि दोनों कॉलोनाइजर द्वारा ग्रामीणों के शिकायत करने पर उन्हें डरा धमका रहे हैं। मंगलवार को जब ग्रामीण कलेक्टोरेट शिकायत देने पहुंचे तब वहां भी उन्हें कॉलोनाइजर द्वारा धमकाया जा रहा था। यही वजह है कि ग्रामीणों द्वारा इस मामले में उचित व सख्त कार्रवाई की मांग की जा रही है।

- कलेक्टर से की शिकायत कॉलोनाइजर दे रहा धमकी



# 14 जनवरी तक पीएम जनमन योजना के शत-प्रतिशत क्रियान्वयन का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मंगलवार को समय-सीमा की बैठक के दौरान कलेक्टर श्री गोयल ने इस दौरान जिले में चल रही विकसित भारत संकल्प यात्रा, पीएम जनमन योजना सहित धान खरीदी तथा अन्य विषयों पर अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर श्री गोयल ने पीएम जनमन योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए कहा कि हमें 14 जनवरी तक जिले में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति बिरहोर परिवार के सभी सदस्यों का चिन्हांकन कर उन्हें शासन की सभी मूलभूत सेवाओं और योजनाओं से जोडऩा है। कलेक्टर श्री गोयल ने बिरहोर समुदाय के सभी सदस्यों के आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बिरहोर परिवारों को बैंकिंग सेवाओं से जोडऩे की दिशा में विशेष अभियान चलाने के निर्देश लीड बैंक मैनेजर को दिए। उन्होंने पात्र बिरहोर हितग्राहियों के केसीसी बनाने के लिए कृषि विभाग और अपेक्स बैंक के अधिकारियों को निर्देशित किया। विकसित भारत संकल्प यात्रा के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि यह शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता का कार्य है। जिलेवासियों को इसका पूरा लाभ मिलना चाहिए। इसके अंतर्गत जिन योजनाओं को शामिल किया गया है, उसका लाभ शिविर में आने वाले पात्र हितग्राहियों को मिलना चाहिए। कलेक्टर श्री गोयल ने राजस्व मामलों के सुगमता पूर्वक निराकरण को लेकर विशेष रूप से निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्व अधिकारी सुनिश्चित करें कि प्रकरणों को समय सीमा के भीतर निराकृत कर दिया जाएए जिससे लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि किसी प्रकार की अनियमितता पर तुरंत कार्यवाही की जाए।

- अवैध धान की आवक रोकने सीमावर्ती इलाकों पर बढ़ाए चौकसी



**26 जनवरी की तैयारियों को लेकर दिए दिशा निर्देश**

कलेक्टर श्री गोयल ने बैठक में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस की गरिमापूर्ण आयोजन की तैयारियों को लेकर सभी अधिकारियों को उनको दिए दायित्व अनुसार तैयारी समय.सीमा के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने गणतंत्र दिवस पर परेड, आयोजन संबंधी पंडाल माईक पेयजल व पार्किंग व्यवस्था की तैयारियों को लेकर निर्देशित किया। कलेक्टर ने शिक्षा विभाग को सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन को लेकर भी दिशा.निर्देश दिए।

# घरघोड़ा के वार्डों को संवारने विधायक ने दिए डेढ़ करोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरघोड़ा

**नप अध्यक्ष चौधरी की पहल पर स्वीकृति**

नपं अध्यक्ष सुरेंद्र चौधरी की मांग पर विधायक लालजीत सिँह द्वारा घरघोड़ा के वार्डों को संवारने प्रति वार्ड 5 लाख के मान से डेढ़ करोड़ रुपयों के विकास कार्यों की स्वीकृति दी है। विधायक लालजीत सिंह राठिया अपनी लगातार तीसरी बार की जीत के बाद घरघोड़ा नगर पहुंचे थे जहाँ भव्य स्वागत अभिनंदन के पश्चात नपं अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह चौधरी की मांग पर विधायक ने त्वरित घोषणा करते हुए 15 वार्डों में विभिन्न विकास कार्यों के लिए डेढ़ करोड़ की स्वीकृति प्रदान कर दी।

नपं अध्यक्ष सुरेंद्र चौधरी का पुराना कार्यकाल आज भी लोगों के जेहन में ताज़ा है और ततसमय जिस ऊर्जा से लबरेज होकर नगर के लिए दौड़ भाग करते नजर आते थे उसी ऊर्जा के साथ उनका पुनः नगर विकास के लिए कार्य करते दिखना नगर वासियों के लिए एक सुखद अहसास है क्युंकि तत्समय किए गए विकास कार्यों की मिसाल आज तक दी जाती रही है और उम्मीद की जाए की आने वाले वर्षों में भी ऐसी ही छाप पुनः छोड़ेंगे।



विधायक के साथ नपं अध्यक्ष चौधरी।

**विकास को गति देने विधायक का आभार : सुरेंद्र**

नपं अध्यक्ष एव कांग्रेस नेता सुरेंद्र सिंह चौधरी ने विधायक का धन्यवाद करते हुए कहा विकास के लिए प्रतिबद्धता ही हमारे संघर्षों का मूल है मेरे निवेदन पर विधायक की मुहर से निश्चित तौर पर नगर को सुंदर एवं आदर्श शहर बनाने के सपने को गति मिलेगी। 15 वार्डों में विकास कार्य शीघ्रतिशीघ्र प्रारम्भ होंगे और जनता तक इसका लाभ जल्द पहुंचने लगेगा। विधायक के सहयोग और जनता के विश्वास के साथ हम शहर को संवारने और सुविधायुक्त बनाने के सपने को जल्द सच करके दिखाएंगे ।

# अवैध शराब की जब्ती, किया गया नष्ट

**रायगढ़।** गांवों में थाना प्रभारीगणों द्वारा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर अवैध शराब की सूचनाएं देने लोगों को प्रेरित किया जा रहा है जिससे कई थाना क्षेत्र से अवैध महुआ शराब बनाने की सूचनाएं पलिस टीम को प्राप्त हो रही है जिन पर कार्रवाई किया जा रहा है। इसी कड़ी में 8 जनवरी को थाना खरसिया के मदनपुर ए चौकी खरसिया के तालाब पार हमालपारा, थाना भूपदेवपुर के डोंगीतराई चौक और कुशवाबहरी बस्ती, थाना तमनार के महलोई, थाना कापू के कदमचौक, थाना घरघोड़ा के ग्राम टेरम, ग्राम रूमकेरा, थाना कोतरारोड़ के ग्राम बायंग, बाजार चौक कोतरा, थाना चक्रधरनगर के ग्राम टारपाली, मनवापाली और थाना लैलूंगा के ग्राम रूपडेगा, गुडूबहाल में संबंधित थानों की टीम और साइबर सेल की टीम द्वारा रेड किया गया। कई स्थानों पर अवैध महुआ शराब बनाने के ठिकानों पर पुलिस ने छापेमार कार्रवाई कर महुआ पास और भट्टी को नष्ट किया गया हैए साथ ही महुआ शराब के साथ मिले 15 व्यक्तियों से कुल 104 लीटर देश महुआ शराब की जप्ती' की गई है।



# 18 लाख के सवा सौ मोबाइल बरामद कर किए गए सुपुर्द

**बीते दो माह में गायब हुए मोबाइल साइबर सेल ने किया रिकव्हर**



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

बीते करीब 2 माह में करीब 121 गुम व चोरी गए मोबाइल को रिकव्हर करने में साइबर सेल की टीम को बड़ी सफलता मिली है। टीम द्वारा रिकव्हर किए गए इन मोबाइल की कीमत करीब 18 लाख 33 हजार आंकी गई है।

सोमवार को पुलिस कंट्रोल रूम में एसएसपी सदानंद कुमार, सायबर सेल पर्यवेक्षण अधिकारी दीपक मिश्रा तथा साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक सुखनंदन पटेल की मौजूदगी में विगत 2 माह में 121 गुम व चोरी गए मोबाइलों को रिकवर कर इनके मालिकों को सौंपा गया। जिसका वर्तमान बाजार मूल्य करीब 18 लाख रुपए है। इन मोबाइलों को सायबर सेल द्वारा छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के अलावा सीमावर्ती मध्य प्रदेश, उड़ीसा, झारखंड, पश्चिम बंगाल, बिहार से कोरियर के माध्यम से मंगवाए गए। चोरी व गुम हुए मोबाइल के उपयोग करने वालों को साइबर सेल द्वारा कानूनी कार्यवाही की जानकारी देकर मोबाइल को वापस मंगवाया गया। ज्ञात हो कि इस वर्ष राखी त्यौहार के समय साइबर सेल की टीम द्वारा 203 गुम व चोरी गए मोबाइलों का वितरण किया गया था। सोमवार को कंट्रोल रूम में एसएसपी सदानंद कुमार, साइबर सेल पर्यवेक्षण अधिकारी दीपक मिश्रा, प्रोब्जेनल आईपीएस आकाश श्रीमाल द्वारा रिकवर किए गए 121 मोबाइलों को उनके वास्तविक स्वामियों को लौटाया गया।

### राष्ट्रीय बुजुर्ग स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम में दिया गया प्रशिक्षण

**रायगढ़।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के आरोग्यम् सभाकक्ष में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉआरएन मंडावी की अध्यक्षता में कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. योगेश पटेल व कंसल्टेट सुश्री सीमा बरेठ द्वारा समस्त विकासखंड के चिकित्सा अधिकारी एवं स्टाफ नर्स को प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें बुजुर्गो के देखभाल उन वरिष्ठ नागरिकों की सामाजिक एवं व्यक्तिगत आवश्यकताओं पर जोर देती है। बुजुर्गो की कुछ सामान्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याओ के बारें में जानकारी ली गई। आयु वृद्धि कोई रोग नही बल्कि वृद्धावस्था में आमतौर पर सुनने में कमी, दृष्टि में धुंधलापन पढऩे में कठिनाई, पीठ और गर्दन में दर्द, मधुमेह, अवसाद और मनोभ्रंष, उच्च रक्तचाप, पागलपन और अन्य तंत्रिका संबंधी समस्याएं, कोरोनरी हृद्वय रोग, सदमा स्ट्रोक, सांस की बीमारी, मूत्र असंयम, अस्थि संधि शोध और आसन में अस्थिरता हड्डी टूटना गतिशीलता कम होना आदि दशाएं पायी जाती है। इन बीमारियों से बचाव हेतु रोज कुछ शारीरिक व्यायाम करें, सचेत एवं सक्रिय रहें।







